# जिलाधिकारी, कासगंज की अध्यक्षता में दिनांक 16.03.2021 को आयोजित जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का कार्यवृत्त

आज दिनांक 16.03.2021 को जिलधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमे निम्नलिखित सदस्यों द्वारा भाग लिया गया :–

1. मुख्य विकास अधिकारी, कासगंज।
2. जिला वनाधिकारी, कासगंज।
3. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कासगंज।
4. परियोजना निर्देशक, कासगंज।
5. मुख्य चिकित्साधिकारी, कासगंज।
6. सहायक अभियन्ता, सिंचाई विभाग।
7. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, कासगंज।
8. श्री रविन्द्र पाण्डेय, आयन एक्सचेन्स संस्था।
9. श्री राज कुमार जैन, पी.एन.सी. संस्था।
10. श्री हृदयेश कुमार, जनहितकारी सेवा समिति संस्था।
11. श्री रिंकू शर्मा, द्वारिका प्रसाद जन कल्याण समिति संस्था।
12. श्री बजरंग प्रसाद, यू.पी.पी.सी.एल. यूनिट–32 अलीगढ संस्था।

समिति की बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निम्न बिन्दुओ की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिये।

**बिन्दु सं0 1–** अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ द्वारा इम्पलीमेन्टेशन कार्य हेतु 02 नग संस्था क्रमशः द्वारिका प्रसाद जन जागरण समिति, बिलराम गेट कासगंज एवं जनहितकारी सेवा समिति, रामनगर कालोनी, अलीगढ को नियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यो तथा कार्य योजना की समीक्षा की गयी, जिसमें उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा ब्यौरेवार कोई कार्ययोजना प्रस्तुत नही की गयी।

**निर्देश–** इस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया, कि आगामी बैठक में पूर्ण कार्ययोजना प्रस्तुत करें एवं कार्य से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी के साथ सक्षम प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

**(द्वारिका प्रसाद जन जागरण समिति, बिलराम गेट कासगंज एवं जनहितकारी सेवा समिति, रामनगर कालोनी, अलीगढ) ।**

**बिन्दु सं0 2–** अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व से अधिष्ठापित 32 ग्रामीण पेयजल योजनाओं में से 23 नग पेयजल योजनाओं पर रेट्रोफिटिंग के कार्य निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, कासगंज के द्वारा कराये जा रहे हैं।

**निर्देश–** इस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया, कि उक्त 23 नग योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति प्रस्तुत करें एवं जल–जीवन मिशन के कार्यों का नोडिल विभाग होने से सभी कार्यरत विभाग/एन0जी0ओ0/नामित फर्म को वॉछित सहयोग एवं सूचनाऐं उपलब्ध करायें। जल–जीवन मिशन से सम्बन्धित सभी शासनादेश एवं विभागादेश को संकलित करें।

**(निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, कासगंज) ।**

**बिन्दु सं0 3–** अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व से संचालित 32 ग्रामीण पेयजल योजनाओं में से 09 नग पेयजल योजनाओं के पुनर्गठन हेतु शासन द्वारा नामित फर्म आयन एक्सचेन्ज द्वारा 05.05.2021 तक योजनाओं की डी0पी0आर0 का प्रस्तुत करा दी जायेगी।

**निर्देश–** जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया था कि डी0पी0आर0 प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिए जायें, तथा पूर्व अधिष्ठापित योजनाओ की पूर्व की डी.पी.आर. फर्म को उपलब्ध करा दी जाये।

**(जल निगम/फर्म आयन एक्सचेन्ज)।**

letter

बिन्दु सं0 4– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व से संचालित 32 ग्रामीण पेयजल योजनाओं के अतिरिक्त अन्य सभी 391 ग्रामों की पेयजल योजनाओं की डी0पी0आर0 प्रस्तुत करने हेतु शासन द्वारा पी0एन0सी0 फर्म को कासगंज के कार्य हेतु नामित किया गया। अवगत कराया गया कि शेष 391 नग ग्राम सभाओ का सर्वे कार्य दो से ढाई माह में पूर्ण कराकर डी0पी0आर0 तैयार कर ली जायेगीं। वर्तमान में इस कार्य हेतु 04 टीम लगी हुई है।

<u>निर्देश–</u> जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया, कि वे 04 टीम को बढा कर 14 टीम द्वारा सर्वे कराया जाये, तथा कार्य समयान्तर्गत पूर्ण करायें।

**(पी0एन0सी0, कासगंज)।**

<u>बिन्दु सं0 5–</u> जिलाधिकारी महोदय द्वारा निम्न निर्देश दिये गये–

- जल जीवन मिशन से सम्बन्धित वाह्टस एप ग्रुप बनाया जाये, जिसमें सभी सम्बन्धित को जोड लिया जाये।
- इस योजना से सम्बन्धित जे0जे0एम0 वेवसाइट एवं अन्य सम्बन्धित साइट की जानकारी कर ली जाये, जहॉ इन योजनाओ से सम्बन्धित डाटा फीड किये जायेगें।
- साथ ही यह निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के कार्यो की प्रगति सम्बन्धी बैठक सप्ताह में दो दिन मंगलवार एवं शुक्रवार को की जायेगी।
- योजना से सम्बन्धित प्रगति एवं समस्याओं को मुख्य विकास अधिकारी महोदय एवं जिलाधिकारी महोदय को निरन्तर विदित कराया जाये।
- निर्देश दिये गये कि इस योजना में जो भी शासनादेश जारी हो रहे है, उन्हे संकलित किये जायें।
- श्री दिव्यान्शु कुमार सिंह, सहायक अभियन्ता को जल–जीवन मिशन के समन्वय एवं प्रगति की सूचना हेतु सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त करने का जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये हैं।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(तेज प्रताप मिश्रा)
मुख्य विकास अधिकारी

पत्रांक- 382 /कार्यवृत्त/अनुपालन आख्या/ 06 दिनांक- 20-03-21 20/3/2021

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, कासगंज।
2. जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों तथा सम्बन्धित को अनुपालनार्थ।

मुख्य विकास अधिकारी

letter